**अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)**
**एसोशिएट संपादक, इडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईजेएमआर)**

**दिनांक: 27 जून, 2025**
**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 18 जुलाई, 2025**

**पृष्ठभूमि**: आईजेएमआर(IJMR) भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR) का एक प्रमुख जर्नल है जो हर महीने प्रकाशित होता है। आईजेएमआर (IJMR) का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण जैव चिकित्सा अनुसंधान लेख प्रकाशित करना और उन्हें भारत के साथ-साथ विश्व स्तर पर अपने पाठकों तक पहुँचाना है। आईजेएमआर (IJMR) अपने पाठकों तक सामग्री के निःशुल्क प्रसार की नीति के माध्यम से ज्ञान-आधार के विस्तार तक पहुँच को आसान बनाता है। जर्नल के लिए परिमाणात्मक, गुणात्मक या मिश्रित जाँच पध्दति के दृष्टिकोण के साथ कई क्षेत्रों से लेख प्राप्त होते हैं।

**संदर्भ :** आईजेएमआर की प्रकाशन प्रक्रियाओं को तेज़ी से आगे बढाने के क्रम में ,आईसीएमआर(ICMR) जैव चिकित्सा अनुसंधान की पृष्ठभूमि से वरिष्ठ वैज्ञानिक विशेषज्ञों (मेडिकल/गैर-मेडिकल) से ईओआई (EOI) आमंत्रित करता है, जिन्हें एसोशिएट संपादक के पैनल में शामिल किया जाना है। आवेदक वर्तमान में मेडिकल कॉलेजों में सेवारत (नियमित) वरिष्ठ संकाय होना चाहिए या अनुसंधान संस्थानों में नियमित वैज्ञानिक पदों पर कार्यरत होना चाहिए। इस ईओआई (EOI) का उत्तर देते समय एसोशिएट संपादकों द्वारा अपनी विशेषज्ञता का क्षेत्र बताया जाए।

**निम्नलिखित में से किसी एक विषय में विशेषज्ञता**: आंतरिक चिकित्सा/सामान्य चिकित्सा, सामुदायिक चिकित्सा, महामारी विज्ञान/सार्वजनिक स्वास्थ्य, एंडोक्रिनोलॉजी, बायोस्टैटिस्टिक्स, प्रजनन चिकित्सा, मानसिक स्वास्थ्य (मनोचिकित्सा/मनोविज्ञान), सामाजिक विज्ञान अनुसंधान, हृदय संबंधी अनुसंधान, आणविक चिकित्सा, आनुवंशिक रोग और उपचार, फुफ्फुसीय चिकित्सा, औषध विज्ञान, जैव रसायन/प्रतिरक्षाविज्ञान

**जिम्मेदारियां: एसोशिएट संपादक:**

क) संबंधित क्षेत्र के प्रासंगिक विषय विशेषज्ञों को हस्तलिपियां सौंपकर निर्धारित समय सीमा के भीतर आईजेएमआर की ओर से लेखों की गहन समीक्षा की जाएगी।

ख) बाहरी समीक्षा पूरी होने के बाद, एसोशिएट संपादक गहन समीक्षा करते हुए उन लेखों पर अपने निष्कर्षों का सारांश प्रस्तुत करेंगे,और उस लेख को 72 घंटे के भीतर प्रधान संपादक/संपादक, आईजेएमआर को प्रेषित किया जाएगा।

**एसोशिएट संपादकों का चयन:** साक्षात्कार के बाद स्क्रीनिंग के आधार पर चयन किया जाएगा। जैव चिकित्सा जर्नल के संपादक के रूप में पहले से अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**आयु सीमा:** आवेदन की अंतिम तारीख तक ≥45 वर्ष से ≤65 वर्ष।

**अवधि**: नियुक्ति की प्रारंभिक अवधि एक वर्ष के लिए होगी, तथा जिसका वार्षिक नवीनीकरण आईसीएमआर के सक्षम प्राधिकारी द्वारा उचित समझे जाने पर एसोशिएट संपादकों के प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। एसोशिएट संपादक का अधिकतम कार्यकाल तीन वर्ष होगा।

**प्रचालन प्रणाली:** चयनित एसोशिएट संपादक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म एक्सेस के माध्यम से काम करेंगे, जो IJMR-कार्यालय द्वारा प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक लेख के लिए निर्धारित समय के भीतर ऑनलाइन समीक्षा का प्रबंधन परिषद मुख्यालय में स्थित प्रधान संपादकीय दल के साथ मिलकर एसोशिएट संपादकों द्वारा किया जाएगा।

**निर्गम खंड:** इस व्यवस्था को किसी भी पक्ष द्वारा एक महीने की पूर्व सूचना देकर समाप्त किया जा सकता है

**हितों की प्रतिकूलता :** आईजेएमआर(IJMR) हितों की प्रतिकूलता की घोषणा सहित अपनी सभी कार्यवाहियों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नैतिक मानदंडों के अनुसार सभी सावधानियों का पालन करने का प्रयास करता है। इसे देखते हुए, चयनित एसोशिएट संपादकों को प्रदान की गई सामग्री से संबंधित गोपनीय करार पर हस्ताक्षर करना होगा।

**मानदेय:** मानदेय 'प्रति लेख के आधार पर' (₹ 4000/लेख) स्वीकार्य होगा

**अस्वीकृत करना:**

(i) आईसीएमआर देरी से प्राप्त होने वाले आवेदनों के लिए जिम्मेदार नहीं होगा, कारण चाहे जो भी हो।

(ii) आईसीएमआर बिना कोई कारण बताए इस ईओआई के आमंत्रण को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**यह कोई रोजगार नहीं है**

**आवेदन का प्रारूप**

APPLICATION FORMAT

क. वरिष्ठ विशेषज्ञ (आवेदक) का नाम:

A. Name of the Senior Expert (Applicant):

ख. आवेदक का पता, ईमेल आईडी और संपर्क नंबर:

B. Address with email ID and Contact No. of the Applicant

ग. संबंधित वर्तमान संस्थान का नामः

C. Name of the present associated institute:

घ. संगठन का प्रकार:

D. Type of Organization:

- सरकारी/Government
- निजी/Private

ङ. कृपया विशेषज्ञता का वह क्षेत्र बताएं जो आपकी विशेषज्ञता को सर्वोत्तम रूप से परिभाषित करता हों।

E. Please mention the domain of specialty which best defines your expertise

……………………………………………………………………………………….

च. पिछले शैक्षणिक और अनुसंधान अनुभव का संक्षिप्त विवरण (अधिकतम 500 शब्दों में)

F. A brief description (maximum 500 words) of the past academic and research experience

छ. जैव चिकित्सा जर्नल के संपादक/उप-संपादक/सह-संपादक के रूप में कार्य करने का अनुभव (अधिकतम 500 शब्दों में)

G. Experience of being an Editor/Sub-Editor/Associate Editor of a Biomedical Journal (maximum 500 words)

ज. निर्धारित प्रारूप में पिछले 10 वर्षों (2015 से अब तक) में सर्वाधिक प्रभाव वाले 10 प्रकाशनों की सूची (अनुलग्नक-I)

H. List of 10 publications with the highest impact in past 10 years (2015-till date) in prescribed format (Annexure-I)

झ. निर्धारित प्रारूप में पिछले 10 वर्षों में किए गए प्रोजेक्ट, पुरस्कार, पेटेंट और राष्ट्रीय अकादमियों की सदस्यता से संबंधित अतिरिक्त जानकारी दें (अनुलग्नक-II)

I. Additional information pertaining to projects undertaken, awards, patents and membership of national academies in the past 10 years in the prescribed format (Annexure-II)

ञ. आईजेएमआर में संसाधित किए जाने वाले लेखों के चयनित विषय और स्क्रीनिंग मानदंडों के लिए अपने दृष्टिकोण का संक्षेप में विवरण दें(अधिकतम 100 शब्दों में )

J. Briefly describe your vision statement for topic selection and screening criteria for articles to be processed in IJMR (maximum 100 words)

ट. कृपया निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा करने के साथ-साथ अपना विस्तृत बायोडाटा भी संलग्न करें।

K. Please attach your detailed CV in addition to submission of the application in the prescribed format

**तारीख:/Date** ……………………….. **हस्ताक्षर/Signature** ………………………

**स्थान/Place** ………………….. **आवेदक का नाम /Name Of Applicant** ………………..

निर्धारित प्रारूप में आवेदन निम्नलिखित ई-मेल आईडी पर भेजे जाएं:

ijmrrecruitment23@gmail.com

Applications in the prescribed format may be submitted to the following e-mail ID: ijmrrecruitment23@gmail.

**अनुलग्नक-I:** पिछले 10 वर्षों (2015-अब तक) में सर्वाधिक प्रभाव वाले 10 प्रकाशनों की सूची

**Annexure-I**: List of 10 publications with the highest impact in past 10 years (2015-till date)

| **प्रकाशन का पूरा उद्धरण (एएमए शैली)**<br>**Complete citation ofthe publication (AMA style)** | **प्रकाशन का प्रकार (मूल शोध, समीक्षा, लघु शोध संचार, संपादक को पत्र आदि)**<br>**Type of publication (Original Research, Review, Short Research Communication, Letterto the editor etc)** | **जर्नल का प्रभाव कारक**<br>**Impact factor ofjournal** |
|---|---|---|
| | | |

**अनुलग्नक-II**: पिछले 10 वर्षों (2013 से अब तक) में शुरू की गई परियोजनाओं, पुरस्कारों, पेटेंट और राष्ट्रीय अकादमियों की सदस्यता की सूची

**Annexure-II**: List of projects undertaken, awards, patents and membership of national academies in the past 10 years (2013-till date)

| **परियोजना का शीर्षक/पुरस्कार/पेटेंट/राष्ट्रीय अकादमियों की सदस्यता**<br>**Title of the project/award/patent/membership of national academies** | **अध्ययन का प्रकार**<br>**Type of study** | **नमूने का आकार**<br>**Sample size** | **अनुदान राशि**<br>**Grant amount** | **अवधि**<br>**Duration** |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |